# कलेक्टर ने जनगणना कार्य का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 5 मई.** ग्वालियर जिले में भी जनगणना कार्य निदेशालय द्वारा निर्धारित जनगणना कार्यक्रम के तहत जनगणना का प्रथम चरण जारी है। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने मंगलवार को शहर में चल रहे जनगणना कार्य का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने न्यू दर्पण कॉलोनी क्षेत्र में प्रगणकों द्वारा की जा रही जनगणना की वस्तुस्थिति जानी। साथ ही प्रगणक श्रीमती नीलम राजपूत के साथ मकान नं. एमआईजी-1362 न्यू दर्पण कॉलोनी पहुँचकर श्री दिनेश कुमार शर्मा के घर की ऑनलाइन गणना कराई। इस अवसर पर एसडीएम श्री अतुल सिंह भी उनके साथ थे।

**अपनी मौजूदगी में न्यू दर्पण कॉलोनी के एक मकान की कराई ऑनलाइन गणना**

**प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर 34 बिंदुओं में भरी जा रही है ऑनलाइन जानकारी**



### जनगणना के प्रथम चरण में भरी जा रही है यह जानकारी

जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का काम किया जायेगा। जिसमें 34 बिंदुओं में जानकारी संकलित होगी। इसमें भवन व मकान नम्बर सहित मकान की स्थिति, परिवार क्रमांक, परिवार के मुखिया का नाम, लिंग, मकान किराए का है अथवा स्वयं का, कमरों की संख्या, परिवार के विवाहित दम्पत्तियों की संख्या, पेयजल के मुख्य स्त्रोत, पेयजल स्त्रोतों की उपलब्धता, प्रकाश का मुख्य स्त्रोत, शौचालय की सुगमता, शौचालय का प्रकार, गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था, परिसर के अंदर स्नान की सुविधा, रसोई घर व एलपीजी-पीएनजी कनेक्शन, खाना पकाने के लिये प्रयुक्त मुख्य ईंधन, रेडियो/ट्रांजिस्टर व टेलीविजन की उपलब्धता, इंटरनेट सुविधा, लेपटॉप/कम्प्यूटर की उपलब्धता, टेलीफोन, मोबाइल फोन व स्मार्ट फोन इत्यादि की उपलब्धता, साइकिल, स्कूटर, मोटरसाइकिल, मोपेड, कार, जीप व वैन, परिवार द्वारा उपयोग में लाए जाने वाले अनाज, मसलन चावल, गेहूं, ज्वार, बाजरा, मक्का व अन्य खाद्यान्न एवं मोबाइल फोन इत्यादि जानकारी शामिल है।

कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने न्यू दर्पण कॉलोनी क्षेत्र की प्रगणक श्रीमती नीलम राजपूत व श्री बृजेश द्वारा जनगणना के लिये बनाए गए नजरी-नक्शा देखे। साथ ही इस नक्शे के आधार पर अब तक की गई मकानों की गणना की जानकारी ली। प्रगणक नीलम राजपूत द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप जनगणना के कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। उन्होंने अपने क्षेत्र के 118 मकानों में से 19 की गणना पूर्ण कर ली है। इसी तरह प्रकणक श्री बृजेश द्वारा भी अपने क्षेत्र के 16 मकानों की गणना की जा चुकी है।



### सहायक निदेशक नायर शहर की बस्तियों में पहुँचीं

जनगणना कार्य निदेशालय की सहायक निदेशक श्रीमती प्रेमा नायर ने मंगलवार को नगर निगम के दल के साथ शहर की विभिन्न बस्तियों में पहुँचकर जनगणना कार्य का पर्यवेक्षण किया। उन्होंने खासतौर पर शहर के जोन-9 के अंतर्गत मुरार क्षेत्र की बस्तियों, जोन-11 के अंतर्गत ठाठीपुर क्षेत्र एवं जोन-22 के अंतर्गत खुरैरी में जनगणना कार्य की वस्तुस्थिति जानी। इसी क्रम में सहायक निदेशक श्रीमती प्रेमा नायर ने गूगल मीट के जरिए कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान, जिला जनगणना अधिकारी श्री अनिल बनवारिया एवं जनगणना से संबंधित अन्य अधिकारियों से भी चर्चा की। उन्होंने जनगणना की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही जनगणना से संबंधित दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। श्रीमती नायर ने बाल भवन में नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय की मौजूदगी में शहरी क्षेत्र के जोनल चार्ज अधिकारियों की बैठक लेकर जनगणना कार्य की विस्तार से समीक्षा की।


कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने निरीक्षण के दौरान प्रगणकों से कहा कि एचएलबीसी पोर्टल पर किसी भी प्रकार की ओवरलेपिंग नहीं होना चाहिए। लोगों से पूछकर और उनकी सहमति से सभी प्रविष्टियां पूर्ण एवं सटीक भरी जाएं। एचएलबीसी पोर्टल पर दर्शायी गई सीमाओं में विसंगति होने पर वास्तविक भौगोलिक सीमाओं के आधार पर एचएलबी (हाउसलिस्टिंग ब्लॉक) का निर्धारण किया जाए। उन्होंने कहा कि पूरी गंभीरता व मुस्तैदी के साथ इस संवैधानिक दायित्व का निर्वहन करें। साथ ही गर्मी के मौसम को ध्यान में रखकर गमछा, पानी व ओआरएस इत्यादि साथ में लेकर चलें।

## कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल: प्रगणकों ने 5 दिनों में पूरा किया जनगणना कार्य

नवभारत न्यूज







**ग्वालियर 5 मई.** नगर निगम के अंतर्गत चल रही जनगणना 2027 के कार्य में तीन प्रगणकों श्रीमती हेमलता माने, श्री संगम अग्रवाल और श्री अनिल शर्माने अपनी लगन, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा से एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। इन सभी ने रिकॉर्ड समय में अपने-अपने क्षेत्रों की जनगणना पूरी कर यह साबित किया कि दृढ़ इच्छाशक्ति और प्रतिबद्धता से कोई भी कार्य समय से पहले पूर्ण किया जा सकता है।

उपायुक्त डॉक्टर प्रदीप श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रीमती हेमलता माने, जो खुरेरी विद्यालय में शिक्षिका के रूप में पदस्थ हैं, को क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 14 में एचएलबी 24 आवंटित किया गया था। उन्हें जीवाजी विश्वविद्यालय एवं हाई कोर्ट क्षेत्र की जनगणना का दायित्व सौंपा गया था। विशेष बात यह रही कि उनके पति की स्पाइन सर्जरी दिल्ली के स्पाइन इंस्टीट्यूट में प्रस्तावित थी। ऐसी कठिन व्यक्तिगत परिस्थिति के बावजूद उन्होंने पहले अपने कर्तव्य को प्राथमिकता दी और मात्र 5 दिनों में जनगणना कार्य पूर्ण कर देश सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। इसके बाद वे अपने पति की सर्जरी के लिए दिल्ली रवाना हुईं।

इसी प्रकार, नगर निगम ग्वालियर के राजस्व निरीक्षक श्री संगम अग्रवाल ने भी अपनी जिम्मेदारी से बढ़कर कार्य किया। उन्होंने स्वयं आगे आकर क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 13 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 58, हरिशंकरपुरम में एचएलबी का आवंटन कराया और 144 मकानों की जनगणना केवल 5 दिनों में पूरी कर दी। इतना ही नहीं, उन्होंने जनगणना से पहले क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों को स्वगणना के लिए प्रेरित किया, जिसके परिणामस्वरूप अधिकांश निवासियों ने स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कराई।

वहीं, जन मित्र केंद्र के प्रभारी श्री अनिल शर्मा ने भी क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 4 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 9 में अपनी पूरी जनगणना निर्धारित समय से पहले समाप्त कर दी। उनके इस कार्य ने यह संदेश दिया कि यदि जनगणना को गंभीरता और समर्पण के साथ किया जाए तो इसे कम समय में सफलतापूर्वक पूरा किया जा सकता है।

## साडा के नवनियुक्त अध्यक्ष अशोक शर्मा आज कार्यभार ग्रहण करेंगे

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 5 मई.** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं साडा के नवनियुक्त अध्यक्ष अशोक शर्मा कल बुधवार,

**पाताली हनुमान पर पूजा अर्चना के बाद शुरू होगी रैली**

6 मई को ग्वालियर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) क्षेत्र में स्थित मुख्य कार्यालय पहुंचकर दोपहर एक बजे कार्यभार ग्रहण करेंगे। इससे पहले प्रातः 10 बजे तानसेन रोड स्थित पेट्रोल पंप पर भाजपा नेता, कार्यकर्ता ओर आमजन एकत्रित होंगे। जहां भाजपा नेता अशोक शर्मा एवं उपाध्यक्ष



हरीश मेवाफरोश हजारों समर्थकों की मौजूदगी में पाताली हनुमान मंदिर पर पंडित गिरिराज शरण गुरु के आतिथ्य में पूजा अर्चना कर विशाल रैली के साथ साडा कार्यालय के लिए रवाना होंगे। रैली पाताली हनुमान मंदिर से हजीरा चौराहा, चार शहर का नाका, सागर ताल एवं मोतीझील होते हुए साडा कार्यालय पहुंचेगी, जहां श्री शर्मा साडा के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करेंगे। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेतागण एवं कार्यकर्ताओ के साथ गणमान्यजन मौजूद रहेंगे। रास्ते में अनेक स्थानों पर पार्टी कार्यकर्ताओं ओर आमजनों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जाएगा। भाजपा शहर अध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया एवं ग्रामीण जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह राजपूत ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से रैली एवं पदभार ग्रहण समारोह में अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति का आग्रह किया है।

## लिवर सिरोसिस से 80 प्रतिशत पीड़ित मरीज को मिला नया जीवन

रविन्द्र सिंह चौहान

**ग्वालियर 5 मई.** जिला अस्पताल मुरार में चिकित्सा का एक उत्कृष्ट उदाहरण देखने को मिला है। यहाँ समय पर सही उपचार और डॉक्टरी सूझबूझ से 46 वर्षीय मरीज रितेश सिकरवार को लिवर सिरोसिस जैसी गंभीर बीमारी से नया जीवन मिला है।

**जिला अस्पताल मुरार में मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ.मुकेश तोमर का सराहनीय कार्य**



मरीज रितेश सिकरवार के पेट में पानी भरने और पीलिया की गंभीर शिकायत थी मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. मुकेश सिंह तोमर ने अस्पताल में राउंड के दौरान उन्होंने मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए तुरंत सभी आवश्यक जांचें करवाईं। जांच रिपोर्ट से पता चला कि मरीज का लिवर 80 प्रतिशत तक डैमेज हो चुका था।

स्थिति की गंभीरता को समझते हुए डॉ. तोमर ने तुरंत इलाज की कमान संभाली और चिकित्सा प्रक्रिया अपनाई। लिवर को और अधिक डैमेज होने से बचाने के लिए एल्बुमिन की बोतल चढ़ाई गई।और ब्लड कॉम्पोनेंट के रूप में फ्रेश फ्रोजन प्लाज्मा दिया गया। शरीर में खून की कमी को पूरा किया गया।एवं मरीज को आवश्यक एंटीबायोटिक्स दी गईं।

### एशियाटिक टेपिंग से मिली राहत

उपचार के दो दिनों के भीतर जब मरीज की स्थिति स्थिर हुई, तो सिरोसिस के कारण पेट में भरे पानी को एशियाटिक टेपिंग पद्धति के माध्यम से बाहर निकाला गया। इस सफल प्रक्रिया के बाद मरीज को भारी राहत मिली और उनकी रिकवरी में तेजी आई।

### मरीज पूर्ण स्वस्थ होकर हुआ डिस्चार्ज

मात्र 5 दिनों के कुशल उपचार के बाद मरीज रितेश सिकरवार को पूरी तरह से स्वस्थ घोषित कर अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। इस सफलता पर मरीज के परिजनों ने मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. मुकेश सिंह तोमर और उनकी पूरी आईसीयू टीम का आभार व्यक्त किया है।

### इनका कहना है..



-आईसीयू वार्ड में 46 बर्षीय मरीज रितेश एडमिट हुआ जिसकी हालत काफी गंभीर दिखाई दे रही थी मरीज के चैकव और कुछ जांचों की रिपोर्ट आने के बाद हमने उसका नियमित उपचार किया आईसीयू वार्ड की पूरी टीम ने मरीज का पूरा ध्यान रखा 5 दिनों में मरीज को काफी आराम मिल गया मरीज की इच्छा अनुसार आज उसे स्वस्थ्य होने पर डिस्चार्ज कर दिया गया।

**डॉ.मुकेश सिंह तोमर- मेडिसन विशेषज्ञ, जिला चिकित्सालय मुरार**

इन्हें 6 साल से ब्लड बाली पाईल्स हो गई थी हमनें इनका कई जगह इलाज करवाया इन्होंने कई दवाइयां खाई इंदरगंज एक जगह इन्हें पाईल्स का इंजेक्शन लगवाया वह इंजेक्शन लगते ही इन्हें उसका रिएक्शन हुआ फिर पता चला कि इनका लिवर 20 परसेंट रह गया है उसके बाद हमनें इनको 5 दिन पहले मुरार जिला अस्पताल में भर्ती करवाया यहां इलाज से इन्हें पूरा आराम मिला आज इन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया।

**नीलम सिकरवार- मरीज की पत्नी, डीडी नगर ग्वालियर**

### ग्वालियर-बलरामपुर एक्सप्रेस में जुड़ेगा अतिरिक्त सामान्य कोच

**ग्वालियर.** रेल प्रशासन ने गाड़ी संख्या 22199/22200 ग्वालियर बलरामपुर- ग्वालियर एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त सामान्य (जनरल) कोच को अस्थाई रूप से शामिल करने का निर्णय लिया है।

## मुरार मिलिट्री अस्पताल में एक्स-रे टेक्नीशियन का निधन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 5 मई.** मुरार स्थित मिलिट्री हॉस्पिटल में कार्यरत एक्स-रे टेक्नीशियन शिन्दे एस.ए. (34 वर्ष) की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई है। मृतक मूल रूप से महाराष्ट्र के सांगली जिले के निवासी थे। अचानक हुई इस घटना के बाद अस्पताल में शोक की लहर है। पुलिस ने मामला दर्ज कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों के पहुंचने का इंतजार किया जा रहा है। शिन्दे एस.ए. उम्र- 34 वर्ष (निवासी: जिला सांगली, महाराष्ट्र) की 3 मई को तबीयत खराब होने पर भर्ती किया गया, उपचार के दौरान 4 मई को उसका निधन हो गया। थाना प्रभारी मैना पटेल के अनुसार, मर्ग कायम कर शव को पीएम हाउस भेज दिया गया है।

**इलाज के दौरान बिगड़ी तबीयत**

अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर (मेजर) आशनिल त्रिपाठी के अनुसार, 3 मई की दोपहर करीब 11:45 बजे एक्स-रे टेक्नीशियन शिन्दे की अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। इसके बाद उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती करके उपचार शुरू किया गया। अगले दिन (4 मई को) उनकी हालत बिगड़ने लगी और देर रात उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही अस्पताल प्रबंधन ने मृतक की पत्नी कविता सिंह और भाई विजय शिन्दे को जानकारी दी।

### रेल्वे ने ग्रीष्मकालीन भीड़ के लिए विशेष कार्ययोजना की लागू

**ग्वालियर 5 मई.** गर्मी के मौसम में यात्रियों की भारी भीड़ को व्यवस्थित करने और उन्हें बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से रेलवे ने एक विशेष कार्ययोजना लागू की है। मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा के नेतृत्व में यह व्यवस्था 5 मई से 31 मई 2026 तक लागू रहेगी। इस दौरान मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों पर विशेष निगरानी और जांच अभियान चलाया जाएगा, ताकि यात्रियों को सुरक्षित और सुगम यात्रा का अनुभव मिल सके।

इस कार्ययोजना के तहत स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़ और कतारों को नियंत्रित करने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। अनारक्षित टिकटों की बुकिंग के लिए अतिरिक्त व्यवस्थाएं की जाएंगी, वहीं यात्रियों के लिए जलापूर्ति, वाटर कूलर और वेंडिंग मशीनों का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया गया है। इसके साथ ही आरक्षण काउंटरों पर अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती के साथ छुट्टियों में भी समुचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

नियमित ट्रेनों पर यात्रियों के बढ़ते दबाव को कम करने के लिए विशेष ट्रेनों और अतिरिक्त कोचों का संचालन किया जाएगा। स्टेशन परिसरों की स्वच्छता, पर्याप्त रोशनी और पंखों की व्यवस्था के अलावा एस्केलेटर तथा पार्किंग का उचित रखरखाव सुनिश्चित किया जाएगा। बुजुर्ग यात्रियों की सुविधा के लिए व्हीलचेयर और प्रतीक्षालयों की उपलब्धता पर विशेष जोर दिया गया है।

अभियान के दौरान टिकट चेकिंग व्यवस्था को सख्त किया गया है। बिना टिकट यात्रा करने वालों, फर्जी टिकटों और दलालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी।


**मध्यप्रदेश शासन**
**नगर पालिक निगम, ग्वालियर**

क्रमांक 1389/ज.प्र./न.पा.नि./2026 — ग्वालियर, दिनांक 05/05/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है

| क्र. | टेण्डर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026-UAD-504908-1 | जल गुणवत्ता परीक्षण कार्य हेतु टेस्ट किट सामग्री आदि क्रय कार्य | 78,000/- | 1000 /- 1,572/- | 19.05.2026 |

नोट: निविदा संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन http://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा. पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा.

R.o.क्र.293 दि.05/05/26

कार्यपालन यंत्री
जल प्रदाय विभाग
नगर निगम ग्वालियर



**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**

**ई-नीलामी विक्रय सूचना**

क्षेत्रीय तनावग्रस्त अस्ति वसूली शाखा (आर.ओ.एस.ए.आर.बी.) ग्वालियर, प्रथमतल, बीएसएनएल बिल्डिंग, सिटी सेंटर, ग्वालियर म.प्र. - 474011, मो.नं. 78801-53116, 89378-86644
E-mail: sarsag@bankofbaroda.co.in I Web : bankofbaroda.com

परिशिष्ठ चतुर्थ - ए (नियम 6 (ए) एवं 8 (6) देखें)

**अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6 (2) एवं 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रर्वतन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस। आम लोंगो को तथा विशेष रुप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूति लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है का प्रलक्षित/वास्तविक कब्जा बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूति लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जाता है। को जहां है, जैसा है, और जो कुछ भी है, के आधार पर निम्नलिखित कर्जदार और प्रत्याभूति-दाता से प्रतिभूत लेनदार की निम्नदर्शित रुपये की बकाया राशि की बसूली हेतु निम्नलिखित दिनांक व समय पर बेचा जायेगा। कर्जदारों/जमानतदारों /बंधक संपत्तियों/बकाया राशि/नीलामी तिथी व समय/आरक्षित मूल्य/अग्रिम धनराशि/बोली बढाने की राशि नीचे दर्शायी गई है।

| कर्जदार/जमानदार/बंधककर्ता का नाम व पता | ज्ञात ऋण-भार के साथ अचल संपत्ति का विवरण, यदि कोई हो | आरक्षित मूल्य / अग्रिमधनराशि / बोली बढाने की राशि | नीलामी की तारीख एवं समय | मांग सूचना दिनांक / आधिपत्य दिनांक / बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| ऋणी: 1.मैसर्स वीटा आइसक्रीम (मालिक मुकुल सिंघल पिता श्री प्रमोद कुमार सिंघल 2. श्री मुकुल सिंघल पिता श्री प्रमोद कुमार सिंघल मालिक मैसर्स वीटा आइसक्रीम जमानतदार: श्री प्रमोद कुमार सिंघल पिता श्री भगवान दास सिंघल पता: 15/482 सिंधी कॉलोनी पराग ऑयल मील के पास जीवाजी गंज मुरैना जिला मुरैना (म.प्र.)-476001 | **संपत्ति के मालिक** - श्री प्रमोद कुमार सिंघल पुत्र श्री भगवान दास सिंघल - सर्वे नंबर 574 के एक हिस्से, प्लॉट नंबर 505, गांव जौहरा खुर्द कृषि उपज मंडी समिति मुरैना में स्थित संपत्ति का पूरा हिस्सा, वर्तमान में नगर पालिका मकान नंबर 1097, वार्ड नंबर 39/न्यू-16 सिंधी कॉलोनी, पराग ऑयल मील के पास, मुरैना जिला मुरैना-476001 में स्थित है, बिक्रीनामा के अनुसार कुल क्षेत्रफल 125.46 वर्ग मीटर या 1350 वर्ग फुट है। **चतुर-सीमाएँ: उत्तर:** भागचंद जैन का मकान, **दक्षिण:** रामस्वरूप की ज़मीन, **पूर्व:** सड़क, **पश्चिम:** सड़क नाला नं. 1 | ₹ 1,22,40,000/- 12,24,000/- 10,000/- सांकेतिक कब्जा | 25-05-2026 Time : 2:00 PM to 6:00 PM | 09-10-2025 29-12-2025 ₹ 19,81,994.34/- +ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| ऋणी: श्री परिमल सिंह सिरधाना पुत्र श्री काशी राम सिंह 2. श्रीमती रमा सिंह पत्नी श्री परिमल सिंह पता: 24, ग्राम बड़ोखर लालोरकलां, मुरैना, एम.पी.-476001 | **संपत्ति स्वामी - श्री परिमल सिंह सिरधाना पुत्र श्री काशी राम सिंह**- संपत्ति का वह पूरा हिस्सा जिसमें सर्वे नंबर 817, गांव धनेला, पी.एच. नंबर 86, टेकरी चौराहा के पास ए.बी. रोड, तहसील और जिला मुरैना म.प्र.-476001 शामिल है, जिसका क्षेत्रफल 3300.00 वर्ग फुट है। **चतुर-सीमाएँ: उत्तर:** भवन कल्ला, **दक्षिण:** प्लॉट गंगा प्रसाद, **पूर्व:** ए.बी. रोड, **पश्चिम:** भूमि कराह आश्रम | ₹ 42,24,000/- 4,22,400/- 10,000 सांकेतिक कब्जा | 25-05-2026 Time : 2:00 PM to 6:00 PM | 14-02-2023 07-10-2023 ₹ 25,36,146.46/- +ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| ऋणी: 1. श्री रवीन्द्र कुमार तिवारी सुपुत्र श्री सुरेंद्र कुमार तिवारी 2. श्रीमती अवंतिका तिवारी पत्नी श्री रवीन्द्र कुमार तिवारी पता: 1 - बी-40 ब्लॉक बी 01, शिवसिद्धि रेजीडेंसी, ग्राम महाराजपुरा ग्वालियर जिला ग्वालियर म.प्र.-474020 पता: 2 - ए-29 द्वारिका सिटी, महाराजपुरा ग्वालियर म.प्र. जोड़ें: 3 - एच.नं. 207 अपना घर कॉलोनी, बहोड़ापुर ग्वालियर जिला ग्वालियर म.प्र. पता: 4 - 12 बटान बाबू गली गणेशपुरा, मुरैना जिला- मुरैना एम.पी.-476001 | **संपत्ति स्वामी - श्रीमती अवंतिका तिवारी, पत्नी श्री रविन्द्र कुमार तिवारी** - संपत्ति का वह समस्त भाग और अंश जो प्लॉट नंबर बी-40, ब्लॉक नंबर बी-01, शिव सिद्धि रेजिडेंसी, ग्राम महाराजपुरा, वार्ड नंबर 18, सर्वे नंबर 52/2, 52/3, 54/2 के भाग, गिर्द ग्वालियर, मध्य प्रदेश में स्थित है। **चतुर-सीमाएं: उत्तर:** प्लॉट नंबर बी-41, **दक्षिण:** प्लॉट नंबर बी-39, **पूर्व:** कॉमन सड़क, **पश्चिम:** प्लॉट नंबर बी-38/ ।। | ₹ 27,36,000/- 2,73,600/- 10,000 भौतिक कब्जा | 10-06-2026 Time : 2:00 PM to 6:00 PM | 24-04-2025 08-07-2025 ₹ 30,05,107/- +ब्याज एवं अन्य खर्चे |

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm or https://baanknet.com में दिये गये लिंक को देखें। संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं मोबाईल नं. 78801-53122, 89378-86644

स्थान: ग्वालियर — दिनांक: 05/05/2026 — प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ बड़ौदा







स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95